# ई-फार्मेसी के विरोध में हड़ताल पर रहे केमिस्ट

**दवा बाजार बंद रहने से बेहाल हुए मरीज, शहर में बंद का दिखा व्यापक असर, आज से थमेंगे 300 ट्रकों के पहिए**





**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** ऑनलाइन फार्मेसी (ई-फार्मेसी) के विरोध और विभिन्न मांगों को लेकर ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं मप्र केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को शहर के दवा बाजार पूरी तरह बंद रहे। इस बंद का व्यापक असर देखने को मिला और आम मरीजों को दवाओं के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि, मरीजों की आपातकालीन सुविधाओं को देखते हुए कुछ चिन्हित मेडिकल स्टोर्स को इस बंद से मुक्त रखा गया था।

**इन अस्पतालों के मेडिकल स्टोर रहे खुले :** मरीजों की सहूलियत के लिए कैंसर हॉस्पिटल, आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा, सिम्स, बिरला, परिवार, न्यू परिवार, ग्लोबल, केडीजे, सहारा, चिरायु, लिंक, देवराज और आरोग्यधाम अस्पताल के मेडिकल स्टोर्स पर दवाएं मिलती रहीं, जिसके चलते यहां भारी भीड़ देखी गई। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए शहर के सभी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, जयारोग्य चिकित्सालय और जिला अस्पताल मुरार के भीतर संचालित शासकीय मेडिकल स्टोर खुले रहे।

**जीएसआर-220 ( ई ) वापस लेने की मांग :** ग्वालियर केमिस्ट एसोसिएशन के प्रवक्ता शिवरतन सिधवानी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कोरोना काल में जारी की गई अधिसूचना जीएसआर-220 (ई) को तत्काल वापस लिया जाए।

इस अधिसूचना के कारण दवा बिक्री के मूल नियमों की अनदेखी हो रही है, जिससे पारंपरिक मेडिकल व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि कई ई-फार्मेसी कंपनियां अवैध रूप से नियमों को ताक पर रखकर काम कर रही हैं, जिन पर सख्त रोक लगनी चाहिए।

### दिल्ली ननि के फैसलों के विरोध में आज से ट्रांसपोर्टर्स की हड़ताल

दवा बाजार के बाद अब शहर की परिवहन व्यवस्था पर भी संकट मंडरा रहा है। ग्वालियर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के आह्वान पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू हो रहा है। लोकल ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष राजीव मोदी और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ग्वालियर के अध्यक्ष सुनील माहेश्वरी ने बताया कि कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और दिल्ली नगर निगम के कुछ फैसलों के विरोध में गुरुवार से शहर के करीब 300 ट्रकों के पहिए थम जाएंगे। इससे आगामी दिनों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है।



# सूर्यदेव के तीखे तेवर, पारा पहुंचा 46 के पार

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** अंचल में नौतपा से पहले ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार को ग्वालियर भीषण लू (हीटवेव) की चपेट में रहा, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। झुलसाने वाली धूप और राजस्थान की तरफ से आ रही गर्म हवाओं के कारण आज शहर का अधिकतम तापमान 46.8 दर्ज किया गया। तीखी धूप और उमस के इस दोहरे सितम ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर 12 बजते ही शहर की मुख्य सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसर गया, जो शाम 4 बजे तक बना रहा।

**गर्मी से थमी रफ्तार, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा**

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, गर्मी का असर सिर्फ दिन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि रातें भी अब तपने लगी हैं। बुधवार को न्यूनतम तापमान 36 रिकॉर्ड किया गया, जिसके चलते रात के समय भी लोगों को उमस और गर्म हवाओं से राहत नहीं मिल पा रही है। आज हवा में नमी का स्तर 36 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसने बेचैनी और ज्यादा बढ़ा दी।

### तापमान में और बढ़ोत्तरी होने की आशंका

वैज्ञानिकों ने आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की आशंका जताई है। प्रशासन और डॉक्टरों ने आम जनता को सलाह दी है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बहुत जरूरी होने पर ही पूरी एहतियात (सिर ढककर और पानी पीकर) के साथ घरों से बाहर निकलें।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने बनाई मानव श्रृखंला

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दाम घटाने, जनता को राहत दिलाने की मांग के साथ कांग्रेस ने आज जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

**देश की जनता बढ़ती महंगाई बर्दाश्त नहीं करेगी : सुरेन्द्र यादव**

मानव श्रृखंला में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन का झूठा सपना दिखाकर सत्ता हासिल की, लेकिन आज जनता को बुरे दिनो की चेतावनी दी जा रही है। देश की अर्थव्यवस्था गिरती जा रही है, डॉलर के सामने रूपया लगातार कमजोर होता जा रहा है। आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है जबकि सरकार संवेदनहीन बनी बैठी है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस विपरीत समय मे देश की जनता के साथ खड़ी है एवं आगामी चुनावो मे भाजपा के धोखे का जबाव भाजपा के नेतांओ को घर बिठाकर देगी।

मानव श्रृखंला में राम पांडे, मोहन माहेश्वरी, वीर सिंह तौमर, संगठन महामंत्री इब्रहिम पठान, उदल सिंह यादव, हेवरन सिंह कंसाना, पिंकी पंडित, मंगल यादव, राकेश अग्रवाल, महबूब खां चेनवाले, श्रीमती मीनू परिहार, रामनरेश परमार, रामबाबू श्रीवास, पूरन सिंह कुशवाह, राजीव शर्मा, महेश मधुरिया, भैयालाल भटनागर, वीरेन्द्र तौमर, देवेन्द्र चौहान, विजय कुशवाह, वीना भारद्वाज आदि शामिल थे।

# नियोजित विकास के लिए समेकित कार्य योजना बनाएं : पवैया

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** स्थानीय निकायों के नियोजित एवं सर्वांगीण विकास के लिए समेकित कार्य योजना जरूरी है। ग्वालियर निवासी होने के नाते हम सभी का दायित्व है कि संबंधित विभाग, विकास प्राधिकरण और जनप्रतिनिधिगण आपसी समन्वय बनाकर ग्वालियर के समवेत विकास की योजना तैयार करें। यह बात राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने बुधवार को व्हीआईपी सर्किट हाउस, मुरार में आयोजित बैठक में कही। बैठक में राज्य वित्त आयोग द्वारा ग्वालियर जिले की पंचायतों, ग्वालियर नगर निगम एवं अन्य नगरीय निकायों के विकास से संबंधित विषयों पर जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए।

**राज्य वित्त आयोग ने स्थानीय निकायों के विकास के सुझाव लिए**



बैठक में महापौर शोभा सिकरवार, विधायक सतीश सिंह सिकरवार व सुरेश राजे, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन सिंह भदौरिया, मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक सिंह जादौन, साडा अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं नगर निगम सभापति मनोज तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में राज्य वित्त आयोग के सदस्य के के सिंह व सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी मौजूद थे।

पवैया ने कहा कि स्थानीय निकायों में वित्तीय संसाधनों के सदुपयोग एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता के लिए मजबूत व पारदर्शी व्यवस्था विकसित करना जरूरी है। उन्होंने निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं के राजस्व स्रोत विकसित करने पर जोर दिया।

**संभागीय आयुक्त व कलेक्टर ने किया आत्मीय स्वागत :** उल्लेखनीय है कि नवगठित छठवां राज्य वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में ग्वालियर एवं चंबल संभाग के दौरे पर है। इसी क्रम में यह बैठक आयोजित की गई। पवैया के सर्किट हाउस आगमन पर संभागीय आयुक्त मनोज खत्री एवं कलेक्टर रुचिका चौहान ने पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

### जनप्रतिनिधियों ने दिए अहम सुझाव

बैठक में मौजूद वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगणों ने ग्वालियर में रिंग रोड एवं रोपवे निर्माण में तेजी लाने, घर में पार्किंग होने के बावजूद सड़कों पर वाहन खड़े करने वालों से शुल्क वसूलने, शहर की साफ-सफाई के लिए स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति करने तथा पॉलीथिन के उपयोग को हतोत्साहित करने जैसे सुझाव दिए। इसके अलावा समाप्त किए जा चुके करों की भरपाई शासन से निकायों को किए जाने की मांग भी रखी।

### सभी कलेक्टरों एवं सीईओ की भी ली बैठक

नगरीय निकाय और पंचायतें आत्म निर्भर बनें इसके लिये सार्थक प्रयास किये जाने चाहिये। केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा विकास के लिये दी जाने वाली धनराशि का शत प्रतिशत सदुपयोग हो यह भी सुनिश्चित किया जावे। यह बात राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने बुधवार को ग्वालियर संभाग के सभी कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय विकास के अधिकारियों की बैठक में कही। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में राज्य वित्त आयोग की बैठक में राज्य वित्त आयोग के सदस्य के.के. सिंह, सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार सहित संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, कलेक्टर ग्वालियर रूचिका चौहान, गुना कलेक्टर किशोर कान्याल, दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, शिवपुरी कलेक्टर अर्पित वर्मा, अशोक नगर कलेक्टर साकेत मालवीय, नगर निगम आयुक्त संघप्रिय उपस्थित थे।

# लोग उतरे सड़कों पर, झाड़ू लगाकर दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** ग्वालियर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिये अब सामाजिक संस्थाओं सहित विभिन्न संगठन भी आगे आने लगे हैं। आज भारत स्काउट गाइड एवं ग्वालियर प्रेस क्लब रजिस्टर्ड ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष लगभग 150 से अधिक स्काउट गाइड व विभिन्न लोगों को शपथ दिलाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग मांगा। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी आदत में शुमार करना होगा, हमें कोशिश करनी होगी कि ग्वालियर की सडकें, कालोनियां, मोहल्ले व वार्ड साफ सुथरे रहें और प्रत्येक नागरिक कचरे के लिये डस्टबिन का उपयोग करें।

**स्वच्छता को बनाएँ आदत : संघप्रिय**



आज सुबह 7 बजे ही भारी संख्या में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शास्त्री प्रतिमा पर एकत्रित हुये और वहां शपथ लेकर शास्त्री ब्रिज, पड़ाव नया ब्रिज को साफ किया। स्वयं निगम कमिश्नर संघ प्रिय, अपर कमिश्नर टी प्रतीक राव, जीडीए उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सुरेश बंसल, भारत विकास परिषद के प्रांत पदाधिकारी सुधीर अग्रवाल, मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया, मप्र चेंबर आफ कामर्स के सचिव दीपक अग्रवाल, महेश मुदगल, अनिल पुनियानी, भारत स्काउट गाइड के चीफ कमिश्नर बृजेन्द्र सिंह जादौन लालजी, असिस्टेंट कमिश्नर विनय अग्रवाल, सचिव सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, हेड क्वॉटर कमिश्नर पूरन सिंह भदौरिया, ग्वालियर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव सुरेश शर्मा, सनवैली सोसायटी के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, श्रमजीवी पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, मप्र जर्नलिस्ट फोरम के अध्यक्ष अजय मिश्रा, ने भी ओव्हर ब्रिज व चौराहे पर सफाई की।

### स्वच्छता में ईश्वर का वास : सुधीर गुप्ता

ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छता में सदैव ईश्वर का वास होता है, इसीलिये इस कार्य को हल्के में न लें, यह भी एक प्रकार की पूजा है।

### स्वच्छता जागरूकता से ही संभव : प्रतीक राव

नगर निगम ग्वालिर के अपर कमिश्नर टी प्रतीक राव ने कहा कि हमें ग्वालियर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना होगा. कार्यक्रम का संचालन सहायक कमिश्नर विनय अग्रवाल व आभार प्रदर्शन जिला सचिव सुरेन्द्र सिंह भदौरिया ने किया। जबकि स्वच्छता की शपथ सुधीर अग्रवाल ने दिलाई।

# सिंधिया से मिले पाण्डे, बताई जनसमस्याएं



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद पाण्डे ने आज केन्द्रीय संचार मन्त्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से संचार भवन मे मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिसे तत्काल हल कराने का सिंधिया ने आश्वासन दिया। प्रमोद पाण्डे ने सिंधिया को द एड्रेस कालोनी की भी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने महाराज बाड़े पर बन रही पार्किंग से निकल रहे भूमिगत पानी की समस्या के बारे में सिंधिया को जानकारी दी तथा यहाँ से निकल रहे पानी को शहर में सप्लाई करने का सुझाव दिया। इस पर सिंधिया ने कहा कि इस संबंध में वे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी लेकर दिशा निर्देश देंगे।

### सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक 25 को

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 25 मई को दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी।




# भारतनेट के माध्यम से डिजिटल क्रांति ला रहा है बीएसएनएल

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** बीएसएनएल भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक है, जो मोबाइल, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच , एंटरप्राइज एवं डिजिटल कनेक्टिविटी सेवाएँ प्रदान करती है।

मुख्य महाप्रबंधक, मध्यप्रदेश परिमंडल मिथिलेश कुमार ने बताया कि भारतनेट उद्यमी ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी की रीढ़ साबित होंगे। इस पहल के माध्यम से बीएसएनएल न केवल इंटरनेट सेवाओं का विस्तार कर रहा है, बल्कि स्थानीय उद्यमिता एवं रोजगार को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल वर्तमान में 16 राज्यों में भारतनेट परियोजना का संचालन एवं रखरखाव कर रहा है। अब तक लगभग 6.94 लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाई जा चुकी है तथा 2.18 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जा चुका है। ग्रामीण भारत में 13 लाख से अधिक एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। बीएसएनएल द्वारा भारतनेट उद्यमी मॉडल को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**ग्रामीण युवाओं एवं उद्यमियों के लिए नए अवसर**

वर्तमान में 7,700 से अधिक भारतनेट उद्यमी बीएसएनएल के साथ कार्य कर रहे हैं, जो ग्रामीण युवाओं एवं उद्यमियों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं।

बीएसएनएल लगातार ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने के लिए कार्यरत है। इस सिलसिले में बीएसएनएल ने भारतनेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुलभ बनाने के लिए स्थानीय उद्यमियों, केबल ऑपरेटरों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूह, तकनीकी रूप से सक्षम युवा, ग्राम पंचायत अथवा फर्म बहुत कम निवेश पर ऑनलाइन माध्यम से भारतनेट उद्यमी बना रहा है ।

भारतनेट उद्यमी योजना का उद्देश्य देश के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक उच्च गति ब्रॉडबैंड सेवाएं पहुँचाकर डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूत करना है। इस पहल के माध्यम से बीएसएनएल स्थानीय साझेदारों के सहयोग से स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत कार्यालयों, कृषि संस्थानों तथा अन्य सरकारी संस्थाओं को भी हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से

**ग्वालियर, 20 मई।** शहर में मुस्कान वाटिका सागरताल रोड पर संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 21 से 28 मई तक किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास पं. कुलदीप शास्त्री (चित्रकूट धाम) द्वारा किया जाएगा एवं कथा में परीक्षित के रूप में सिंघल परिवार मोची ओली वाले रहेंगे। सुबह 7 बजे महिलाओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कि गिर्राज पार्क आनंद नगर से शुरु होगी एवं कथा स्थल मुस्कान वाटिका तक जाएगी। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना एवं भागवत कथा प्रारंभ होगी। कथा के दौरान प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, भक्त चरित्रों एवं धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन, संगीतमय प्रस्तुति एवं धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित होंगे।



# एनएमसी गाइडलाइन के तहत विद्यार्थियों को सिखाए गए जिंदगी बचाने के गुर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 20 मई।** गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम में बुधवार को वर्ष 2025-26 सत्र के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एनएमसी गाइडलाइन के तहत एसीएलएस-बीएलएस (एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट और बेसिक लाइफ सपोर्ट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता (डीन) डॉ. आर.के.एस. धाकड़ ने भावी डॉक्टरों को त्वरित निर्णय लेने का महत्व समझाया। डॉ. धाकड़ ने जोर देकर कहा कि एसीएलएस-बीएलएस जैसी जीवन रक्षक ट्रेनिंग भविष्य में गंभीर आकस्मिक परिस्थितियों में मील का पत्थर साबित होगी।ट्रेनिंग सत्र के मुख्य प्रशिक्षक और इमरजेंसी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की तकनीकों की बारीकियों से अवगत कराया। इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान डॉ. अखिलेश त्रिवेदी, डॉ. अजीत सिंह राजपूत, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. मनीष चतुर्वेदी, डॉ. विकास जैन, डॉ. गौरव जैन, डॉ. गजेंद्र सिंह परिहार, डॉ. निवेदिता सिंह और गजेंद्र धाकड़ सहित प्रथम प्रोफ के शिक्षक, पीजी छात्र एवं बड़ी संख्या में चिकित्सा छात्र उपस्थित रहे।

